कूल असर पड़ रहा है ;

(ख) क्या सरकार का विचार शिक्षा नीति को रोजगारोन्मुख बनाने हेतु इसमें परिवर्तन करने का है ; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ?

**शिक्षा और संस्कृति तथा समाज कल्याण मंत्रालयों की राज्य मंत्री (श्रीमती शीला कौल) :** (क) से (ग) विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

**विवरण**

(क) से (ग) सभी शैक्षिक कार्यक्रम सरकार द्वारा 1968 में अपनाई गई राष्ट्रीय शिक्षा नीति द्वारा अभिशासित होते हैं। इस नीति में शिक्षा को अधिक संगत तथा रोजगारोन्मुख बनाने के सम्बन्ध में बल दिया जाता है।

2. नीति के बार-बार परिवर्तन करने के परिणामस्वरूप उत्पन्न उलझन से बचने की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए नीति एक दीर्घकालीन परिप्रेक्ष्य को लेकर बनाई गई है। इसके व्यापक ढांचे के अन्तर्गत नीति के कार्यान्वयन की प्रगति की आवधिक समीक्षा की जाती है। परिवर्तन शील स्थिति से निबटने तथा नई आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए परिवर्तन तथा सुधार किए जाते हैं। तथापि यह भी उल्लेखनीय है कि शैक्षिक सुधार एक सतत् प्रक्रिया है।

3. 10-वर्षीय स्कूली पाठ्यचर्या ढांचे में सभी बच्चों को कक्षा 10 तक न्यूनतम सामान्य शिक्षा के प्रावधान की परिकल्पना की गई है। यह विचार छात्र के व्यक्तित्व का सर्वतोमुखी तथा सु-संतुलित विकास करने के लिए है। बच्चों को कार्य जगत से परिचित कराने के लक्ष्य को लेकर सामाजिक रूप से उपयोगी उत्पादक कार्य को 10-वर्षीय स्कूल पाठ्यचर्या के एक अभिन्न अंग के रूप में शामिल किया गया है। इसके अलावा स्कूल शिक्षा की 10+2 प्रणाली में +2 स्तर पर व्यावसायिक पाठ्क्रम व्यावसायों/स्वतः रोजगार के लिए छात्रों को तैयार करने के उद्देश्य से शुरू किए जाते हैं।

4. विश्वविद्यालय स्तर पर, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की अवर स्नातक पाठ्यक्रमों का ढांचा पुन: तैयार करने की योजना का उद्देश्य परम्परागत प्रथम डिग्री पाठ्यक्रमों में कुछ अनुप्रयोगोन्मुख घटक लागू करना है ताकि शिल्प विकास और इसके द्वारा स्नातकों की रोजगार क्षमता सुधार को सुनिश्चित किया जा सके। आयोग ने यह सुझाव दिया है कि सभी विश्वविद्यालयों को उद्योगों तथा अन्य नियोजक संगठनों के परामर्श से उपयुक्त अनुप्रयोगोन्मुख पाठ्यक्रमों का पता लगाने के लिए तत्काल कदम उठाने चाहिए ताकि इनको अवर-स्नातक पाठ्यचर्या में शामिल किया जा सके।

5. तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में कई योजनाएं तैयार की गई हैं जिससे कि तकनीकी शिक्षा और उद्योग को एक दूसरे के अधिक निकट लाया जा सके।

ये हैं :—

(i) अन्तराल डिप्लोमा पाठ्यक्रम

(ii) प्रशिक्षुता प्रशिक्षण कार्यक्रम

(iii) सामुदायिक पोलिटेक्निक

(iv) उत्तर-स्नातक उद्योगोन्मुख पाठ्यक्रमों का आयोजन

(v) अनुसंधान विकास तथा परामर्श

(vi) उच्च तक्नीशियन पाठ्यक्रम

(vii) उद्योग के साथ सहयोग

**Use of Fish for Control of Blood Cholesterol Level**

*445. SHRI ARJUN SETHI : Will the Minister of HEALTH AND FAMILY WELFARE be pleased to state :

(a) whether Government's attention has been drawn to the News item captioned "Fish diet checks cholesterol level" in the Hindustan Times dated 23 November, 1983

stating that studies carried out by the Central Institute of Fisheries Technology have shown that a moderate amount of Fish in the diet can control the blood cholesterol level ; and

(b) if so, the details of research made in this regard ?

THE MINISTER OF HEALTH AND FAMILY WELFARE (SHRI B. SHANKARANAND) : (a) Yes, Sir.

(b) According to the information received from the Indian Council of Agricultural Research, the studies carried out by the Central Institute of Fisheries Technology, Cochin, in suitable laboratory animals with diets containing oil and protein from oil sardine, showed that the fish oil and protein exert a cholesterol lowering effect.

**Provision of Conductor Guards in First Class and AC Coaches in Mail/Express Trains**

*446. SHRI M. ARUNACHALAM : Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state :

(a) what is the rule/provision for providing conductor guards for First class and AC coaches in mail or express trains ;

(b) whether the conductor guards as per above rule/provision are provided in all such trains in Madurai Division of Southern Railway ;

(c) if not, the reasons therefor ;

(d) what are the proposals for providing the conductor guards in mail, express trains and when they are likely to be implemented ;

(e) whether complaints regarding inconveniences experienced by the upper class passengers of train Nos. 101, 102, 105, 106, 119, 120, 137 and 138 in the absence of conductor guards are being received ; and

(f) if so, whether Government will take action to provide conductor guards in the above trains for the convenience of upper class passengers as an amenity measure ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF RAILWAYS (SHRI C.K. JAFFER SHARIEF) : (a) As per the extant guidelines, Mail and Express trains which have more than five first class coaches to be looked after should have two conductors and those upto 5 coaches should have one conductor.

(b) to (f). Not yet Sir. At present conductors have been provided on 117/118 Pandyan Express and 105/106 Madras-Quilon Mail and 761/762 Virudunagar-Tirunelveli Tambraparni Express. Proposals in respect of other Mail/Express trains of Madurai Division are being processed.

No specific complaints from passengers has been received by the Southern Railway in this connection.

**भारत पाकिस्तान आयोग की बैठक**

*447. प्रो० अजित कुमार मेहता :
श्रीमती किशोरी सिन्हा :

क्या विदेश मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि भारत-पाकिस्तान आयोग की अगली बैठक आयोजित किए जाने की तारीख नजदीक आ रही है ;

(ख) यदि हां, तो उक्त बैठक किस तारीख को आयोजित किए जाने की संभावना है ;

(ग) पिछली बैठक में किए गए निर्णयों के निष्कर्ष क्या हैं और उन्हें कार्यान्वित करने संबंधी स्थिति क्या है ; और

(घ) आगामी बैठक में किन-किन मुद्दों पर विचार-विमर्श किए जाने का प्रस्ताव है ?

विदेश मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री ए० ए० रहीम) : (क) हाल ही में, 1 से 4 जून, 1983 तक भारत-पाक संयुक्त आयोग की जो पहली बैठक हुई थी, उसमें इस बात पर सहमति हुई थी कि अगली बैठक 1984 में भारत में होगी।